## मार्च 2017

- कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 25.87% की वृद्धि दर्ज करते हुए 214.69 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है । पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि के लिए शुद्ध लाभ 170.57 करोड़ रुपए था । तीसरी तिमाही तक शुद्ध लाभ 20.27% बढ़कर 2627.17 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 2184.41 करोड़ रुपए था ।
- निदेशक मंडल ने 10/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर से पूर्णत: प्रदत्त इक्विटी शेयर जोकि 81.13 करोड़ शेयर से अधिक न हो, को कंपनी द्वारा 32.25/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर से बायबैक के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है जिसका कुल प्रतिफल 2,616.60 करोड़ रुपए है ।
- एनएचपीसी परिवार गर्मजोशी से निदेशक (कार्मिक) श्री निखिल कुमार जैन तथा निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार मित्तल का स्वागत किया है जिन्होंने क्रमश: 07.02.2017 तथा 01.03.2017 को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।
- श्री बी.पी. पांडे,विशेष सचिव (विद्युत), भारत सरकार सहित अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री के साथ एक बैठक की गई जिसमें राज्य में जलविद्युत के विकास से संबंधित विषय पर चर्चा की।
- माह फरवरी 2017 तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का संचयी विद्युत उत्पादन 21431 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के मुक़ाबले 21829 मिलियन यूनिट रहा ।
- एनएचपीसी ने पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में चमेरा पावर स्टेशन –I में 12 से 15 फरवरी 2017 तक 19वीं इंटर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी की, जिसमें विद्युत क्षेत्र से 10 टीमों ने भाग लिया।
- अपकमिंग तीस्ता-IV परियोजना तथा तीस्ता-V पावर स्टेशन के संबंध में ग्रिडको (ओडीशा सरकार) के साथ संबंधित परियोजना एवं पवार स्टेशन के सीओडी से 35 वर्ष की अवधि के लिए, ऊर्जा क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- तीस्ता-V पावर स्टेशन ने 22.02.2017 को अपने वार्षिक समझौता ज्ञापन के "उत्कृष्ट" 2633 मिलियन यूनिट का लक्ष्य हासिल कर लिया।

## फरवरी, 2017

- एनएचपीसी को राजभाषा कार्यान्वयन और प्रचार प्रसार के लिए समूचे विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राजभाषा शील्ड और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 18.01.2017 को आयोजित विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकर समिति की बैठक में माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत,कोयला, नवीन व नवीकरणीय तथा खान, श्री पीयूष गोयल द्वारा प्रदान किया गया ।

- राज्य सभा के अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने माननीय सांसद श्री टी सुब्बारामी रेड्डी, की अध्यक्षता में 9.01.2017 को हैदराबाद में अध्ययन दौरा किया। समिति ने सीईआरसी (पावर मार्किट) 2010 नियमों पर निदेशक (वित्त) और विद्युत मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया ।
- तीस्ता V पावर स्टेशन ने 29 जनवरी 2017 को 2575 मिलियन यूनिट की अपनी वार्षिक डिजाइन ऊर्जा प्राप्त कर ली है।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा जनवरी 2017 के महीने में 20575 मिलियन यूनिट के "बहुत अच्छा"लक्ष्य के मुक़ाबले 20703 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया गया है ।

## जनवरी, 2017

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन बोर्ड ने जल विद्युत विकास में उत्कृष्ट योगदान हेतु सीवीआईपी अवार्ड प्रदान किया है ।
- इनर्शिया फाउंडेशन ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को 10वें इनर्शिया अवार्डस 2016 में भारत एवं दक्षिण एशिया में ‘सस्टेनबल एनर्जी एण्ड पावर’ के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने के लिए ‘पावर एण्ड इनर्जी पर्सोना एवार्ड फॉर इंडिविजुयल एक्सीलेंस पुरस्कार प्रदान किया है ।

## दिसंबर, 2016

- कंपनी ने साल दर साल 27.89% की बढ़ौतरी करते हुए पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1215.67 करोड़ रुपए की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान 1554.66 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ अर्जित किया है । छमाही के लिए कर पश्चात लाभ 2412.48 करोड़ रुपए प्राप्त किया गया, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 2013.84 करोड़ रुपए था।
- राष्ट्र की सेवा में 41वर्ष पूरा करते हुए एनएचपीसी ने दिनांक 7 नवम्बर 2016 को अपना 42 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया। स्थापना दिवस पूरे संगठन में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।
- एनएचपीसी को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट इन्फ्रा अवार्ड्स 2016 के अंतर्गत ‘पावर जनरेशन – रिन्यूबल' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया।
- प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सम्पन्न हुए भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला में मंत्रालयों एवं विभागों के तहत प्रदर्शन कार्यक्रम में विद्युत मंत्रालय के पवेलियन को “प्रदर्शन में उत्कृष्टता” के लिए रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया । आईआईटीएफ 2016 में विद्युत मंत्रालय के पवेलियन के लिए एनएचपीसी नोडल एजेंसी थी ।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा नवंबर 2016 के महीने में 19037 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के मुक़ाबले 19179 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया गया है ।
- टीएलडीपी –IV एवं चुटक पावर स्टेशन ने क्रमश: दिनांक 20.11.2016 और 22.11.2016 को 2016-17 वर्ष का अपना “उत्कृष्ट” एमओयू लक्ष्य प्राप्त कर लिया है ।

## नवम्बर 2016

- भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18.10.2016 को पार्बती-III पावर स्टेशन (520 मेगावाट) को राष्ट्र को समर्पित कर दिया गया है।
- जैसलमेर (राजस्थान) में 50 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना की सभी 25 टर्बाइनों की कमीशनिंग कर दी गयी है।
- 24.10.2016 को सिक्किम के माननीय मुख्य मंत्री श्री पावन चमलिंग के साथ नई दिल्ली में मुलाक़ात के दौरान सिक्किम के उत्तरी जिले में तीस्ता-IV जल विद्युत परियोजना की मंजूरी से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।
- 7.10.2016 को एनएचपीसी लिमिटेड और राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान , चेन्नई पूर्व के बीच एक सम्झौता ज्ञापन पर चेन्नई में सौर ऊर्जा परियोजनयों के विकास हेतु तकनीकी परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के लिए हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी द्वारा 5.10.2016 को तमिलनाडु में 50 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के विकास के लिए TANGEDCO,तमिलनाडु के साथ ऊर्जा खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा अक्तूबर 2016 के महीने में 17950 मिलियन यूनिट के लक्ष्य के मुक़ाबले 18224 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया गया है ।

## अक्तूबर 2016

- श्री पीयूष गोयल, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विद्युत , कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और खान ने 29.09.2016 को सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया। माननीय मंत्री ने देश में जल विद्युत विकास के क्षेत्र में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।
- कंपनी की 40 वीं वार्षिक आम बैठक 22.09.2016 को फरीदाबाद में आयोजित की गई और इसमें अभी तक का उच्चतम लाभांश 1.50 रुपए प्रति शेयर की मंजूरी दी गई है। वर्ष 2015-16 के लिए कुल लाभांश भुगतान 1,660.61 करोड़ रुपये है।
- राजस्थान सरकार एवं आइनोक्स लिमिटेड के साथ जैसलमेर में स्थित 50 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना के लिए 28.09.2016 को पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए । इससे उक्त परियोजना के चालू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।
- कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजदूत महामहिम मोस्सी न्यामले रोसेट्टे ने 02.09.2016 को एनएचपीसी निगम कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान पन बिजली के क्षेत्र में व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने हेतु चर्चा की गई।
- 'क' क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों के बीच उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वियन के लिए एनएचपीसी को वर्ष 2015-16 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा 14.09.2016 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया गया ।
- 01 से 15 सितंबर 2016 तक संगठन में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया ।

- 08.09.2016 को नई दिल्ली में बैरा स्यूल पावर स्टेशन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु बीएचईएल (भेल) के साथ अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 26.09.2016 को पटना में आगामी परियोजनाओं तवांग-I एवं II , तीस्ता – IV परियोजना के पावर परचेस एग्रीमंट तथा रंगीत व तीस्ता-V जलविद्युत परियोजनाओं के पावर परचेस एग्रीमंट के 35 वर्ष तक के विस्तार हेतु बिहार सरकार के साथ हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा सितंबर 2016 के महीने में 2609 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया है। 30.09.2016 तक संचयी बिजली उत्पादन 16505 मिलियन यूनिट है।

## सितम्बर 2016

- कंपनी की वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही अच्छी रही है जिसमें शुद्ध लाभ 858 करोड़ रुपए तथा 2166 करोड़ रुपए का बिक्री कारोबार दर्ज किया गया , जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 की इसी अवधि में यह राशि 798 करोड़ रुपए एवं 1980 करोड़ रुपए थी।
- गृह मंत्रालय, भारत सरकार की पुरस्कार योजना ‘राजभाषा कीर्ति पुरस्कार‘ के अंतर्गत वर्ष 2015-16 के दौरान राजभाषा कार्यान्वियन में उत्कृष्ट कार्य हेतु “क” क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों में से एनएचपीसी का चयन द्वितीय पुरस्कार के लिए किया गया है। भारत सरकार द्वारा आधिकारिक भाषा के कार्यान्वियन के क्षेत्र में यह सर्वोच्च पुरस्कार है।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के माननीय विदेश मंत्री श्री रेमंड त्शिबंदा एवं भारत में कांगो की राजदूत महामहिम श्रीमती मोस्सी न्यामले रोसेट्टे से 11.08.2016 को नई दिल्ली में मुलाकात की और जलविद्युत के क्षेत्र में अवसरों की खोज के लिए विचार विमर्श किया।
- टीएलडीपी-IV परियोजना (4 x 40 मेगावाट) की यूनिट # 4 को उत्कृष्ट एमओयू रेटिंग के तहत 14.08.2016 को कमीशन कर दिया गया है।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने श्री पेमा खांडू, माननीय मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश से 25.08.2016 को नई दिल्ली में मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की चालू परियोजनाओं पर प्रगति की जानकारी दी और राज्य में जल विद्युत के विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा अगस्त 2016 में 3269 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में अगस्त 2016 तक13884 मिलियन यूनिट के “उत्कृष्ट” लक्ष्य के मुक़ाबले कुल 13896 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया।
- एनएचपीसी को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार 2016 के अंतर्गत 'सर्वश्रेष्ठ मिनीरत्न श्रेणी' के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अगस्त 2016

- टीएलडीपी –IV जलविद्युत परियोजना की चौथी एवं अंतिम इकाई की मैकेनिकल स्पिनिंग सितंबर 2016 के लक्ष्य की तुलना में 1 अगस्त 2016 को सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। टीएलडीपी –IV परियोजना की यूनिट # 3 का 17.07.2016 से सफलतापूर्वक कमर्शियल प्रचालन शुरू कर दिया गया है।
- श्री बलराज जोशी, निदेशक (तकनीकी) ने 28.07.2016 को शिमला में हिमाचल प्रदेश सरकार से नाख्तन जलविद्युत परियोजना के एनएचपीसी द्वारा निष्पादन हेतु विचार-विमर्श किया।
- जल विद्युत के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को परिपक्व करते हुए , एनएचपीसी ने 29.07.2016 को हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी भी इस कार्य में मिलकर कार्य करेगी।
- एनएचपीसी ने 08.07.2016 को विद्युत मंत्रालय के साथ वर्ष 2016-17 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । इस समझौता ज्ञापन पर श्री पी.के. पुजारी , सचिव (विद्युत), भारत सरकार एवं अधोहस्ताक्षरी ने विद्युत मंत्रालय एवं एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए ।
- विदेशी बाजारों में जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में कारोबार के अवसरों की जानकारी और लाभ उठाने हेतु 21.07.2016 को एनएचपीसी व भेल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत भेल विद्युत यांत्रिक पैकेज और संबंधित कार्य और एनएचपीसी सिविल एवं संबन्धित कार्यों की ज़िम्मेदारी संभालेगा।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 08.07.2016 को नई दिल्ली में असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सर्वानंद सोनोवाल से मुलाकात की। माननीय मुख्यमंत्री को सुबानसिरी लोअर परियोजना की स्थिति के बारे में अवगत करवाते हुए इस परियोजना की शीघ्र बहाली एवं समर्थन हेतु अनुरोध किया गया ।
- एनएचपीसी को कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिए मिनी रत्न एवं अन्य श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार के सहयोग से इंडियन चैम्बर ऑफ कामर्स द्वारा नई दिल्ली में 6 जुलाई 2016 को आयोजित 6वें सार्वजनिक उपक्रम उत्कृष्टता पुरस्कारों में वर्ष 2015 के लिए "सार्वजनिक उपक्रम उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा जुलाई 2016 के महीने में 3062 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया है। 31.07.2016 तक संचयी बिजली उत्पादन 10627 मिलियन यूनिट रहा ।
- लोकतक पावर स्टेशन ने अब तक का सर्वाधिक मासिक ऊर्जा उत्पादन किया

## जुलाई 2016

- टीएलडीपी – IV जलविद्युत परियोजना की यूनिट # 3 को 1.7.2016 को सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है।
- 21 जून 2016 को एनएचपीसी के सभी कार्य स्थलों पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ मनाया गया।

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने 17.06.2016 एवं 20.06.2016 को क्रमश: टीएलडीपी – IV जलविद्युत परियोजना का दार्जिलिंग में तथा रंगित पावर स्टेशन का गंगटोक में राजभाषा से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी, संसदीय समिति ने 28.06.2016 को गंगटोक का एक अध्ययन दौरा किया एवं अन्य पिछड़े वर्ग के कंपनी में प्रतिनिधित्व व कल्याण के बारे में विचार-विमर्श किया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक और निदेशक (कार्मिक) ने 28.06.2016 को राजभवन में माननीय सिक्किम के राज्यपाल श्री श्रीनिवास पाटिल से मुलाकात की तथा सिक्किम में जलविद्युत उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक और निदेशक (कार्मिक)ने सिक्किम विधान सभा के माननीय उपाध्यक्ष श्री सोनम ग्यात्सो लेपचा से गंगटोक में 28 जून 2016 को मुलाकात के दौरान तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना के बारे में अवगत कराया ।
- पार्बती- II जलविद्युत परियोजना की 4560 मीटर लंबी जीवा फीडर सुरंग को 06.06.2016 को डे लाईटिंग कर दिया गया है । इस सुरंग की खुदाई प्रतिकूल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों में की गई थी।
- एनएचपीसी की पर्यावरण नीति जारी कर दी गई है। एनएचपीसी को पर्यावरण जागरूक संगठन बनाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में पर्यावरण नैतिकता को आत्मसात करने की जरूरत है।
- उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ तवांग जल विद्युत परियोजना चरण – I (600 मेगावाट) तथा चरण – II (800 मेगावाट) हेतु पावर परचेस एग्रीमे.ट पर हस्ताक्षर किए गए हैं ।
- एनएचपीसी कार्यालय परिसर फ़ेस-II बिल्डिंग को ग्रीन रेटिंग इंटीग्रेटेड हैबिटेट एसेसमेंट, भारत के राष्ट्रीय ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग सिस्टम द्वारा प्रतिष्ठित "फोर स्टार" ग्रीहा वी2 रेटिंग दी गई है ।
- इनर्शिया फाउंडेशन और नवीकरणीय ऊर्जा संवर्धन एसोसिएशन के तत्वावधान में हाइड्रोपावर फोरम ऑफ इंडिया द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड को "सर्वश्रेष्ठ जलविद्युत एंटरप्राइज़ अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा जून 2016 के महीने में 2901 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया है। संचयी बिजली उत्पादन 7565 मिलियन यूनिट है।

## मई 2016

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री बी.पी. पांडे अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय के साथ 3 अप्रैल 2016 को किशनगंगा जलविद्युत परियोजना का दौरा किया एवं परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण एवं समीक्षा की ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 7 अप्रैल 2016 को नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री कालिखो पुल से मुलाकात की और राज्य में एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के विभिन्न मुद्दों के बारे में अवगत कराया।

- भारत सरकार ने सफलतापूर्वक स्टॉक एक्सचेंज क्रियाविधि के तहत ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के माध्यम से एनएचपीसी में अपनी हिस्सेदारी का 11.36% विनिवेश करके 2700 करोड़ रुपये जुटाएँ।
- टीएलडीपी – IV जलविद्युत परियोजना के यूनिट # 3 के रोटर को सफलतापूर्वक 19.04.2016 को पिट पर उतारा गया।
- पावर स्टेशनों की समन्वय समिति की बैठक 22.04.2016 और निर्माण / अन्वेषण परियोजनाओं की समन्वय बैठक 23.04.2016 को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई।

## अप्रैल 2016

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री बी.पी. पांडे अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय के साथ 3 अप्रैल 2016 को किशनगंगा जलविद्युत परियोजना का दौरा किया एवं परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण एवं समीक्षा की ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 7 अप्रैल 2016 को नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री कालिखो पुल से मुलाकात की और राज्य में एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के विभिन्न मुद्दों के बारे में अवगत कराया।
- भारत सरकार ने सफलतापूर्वक स्टॉक एक्सचेंज क्रियाविधि के तहत ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के माध्यम से एनएचपीसी में अपनी हिस्सेदारी का 11.36% विनिवेश करके 2700 करोड़ रुपये जुटाएँ।
- टीएलडीपी – IV जलविद्युत परियोजना के यूनिट # 3 के रोटर को सफलतापूर्वक 19.04.2016 को पिट पर उतारा गया।
- पावर स्टेशनों की समन्वय समिति की बैठक 22.04.2016 और निर्माण / अन्वेषण परियोजनाओं की समन्वय बैठक 23.04.2016 को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई।